आकाशवाणी श्री विजयपुरम

13.05.2025 समय : 1850

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है।
- डीब्रेट में "छात्र मनोविज्ञान और परामर्श कौशल" पर पांच दिवसीय व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आज से शुरू।
- समाज कल्याण निदेशालय की ओर से द्वीपसमूह में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।
- मानसून का आगमन के चलते द्वीपसमूह के कई हिस्सो में भारी वर्षा की चेतावनी।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 91 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की, जो कि लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ–चार प्रतिशत अधिक है। ट्रांसजेंडर छात्रों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इस वर्ष कुल 16 लाख 92 हजार सात सौ 94 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी।

दसवीं कक्षा के 93 दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य–छह प्रतिशत अधिक है। दसवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बाजी मारी है। 95 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की, जो कि लड़कों के मुकाबले दो दशमलव तीन–सात प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष कुल 23 लाख 71 हजार नौ सौ 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा के परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीएसई की 12वीं और दसवीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम छात्रों के संकल्प, अनुसाशन और कड़ी मेहनत का परिचायक हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस उपलब्धि में छात्रों के माता–पिता, शिक्षक और अन्य लोगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। सफलता से वंचित रहे छात्रों को सांतवना देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी एक परीक्षा किसी व्यक्ति को परिभाषित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि छात्रों की यात्रा बहुत बडी है और उनकी क्षमता परीक्षा परिणाम से बहुत आगे है।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आज से "छात्र मनोविज्ञान और परामर्श कौशल" पर पांच दिवसीय व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू हुआ। 17 मई तक चलने वाला यह कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेन्नई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सभी संकाय सदस्यों को विविध समूहों के छात्रों के मनोवैज्ञानिक घटक को समझने के अलावा उनके परामर्श कौशल में सुधार के लिए संवेदनशील बनाना है। इसमें लगभग 40 संकाय सदस्य भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन द्वारा योग को जन–जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। इस सिलसिले में आयुष विभाग सहकारी विभागों के सहयोग से इक्कीस जून को सामूहिक योग सत्र आयोजित करेगा। इस मौके पर आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पन्द्रह से इक्कतीस मई तक जंगलीघाट के आयुष अस्पताल में आयोजित होगा। प्रशिक्षण सत्र सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक आयोजित होगा। सभी विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे कम से कम दो कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करें। प्रशिक्षण के दिन ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से स्वास्थ्य निदेशालय और समग्र क्षेत्रीय केंद्र के सहयोग से पूरे द्वीपसमूह में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को समय पर सेवाएं प्रदान करना है। इन शिविरों का आयोजन विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र कार्ड और विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने में तेजी लाने के लिए किया जा रहा है, जहाँ दिव्यांगजनों का व्यापक स्वास्थ्य मूल्यांकन किया जाएगा। यू डी आई डी की राज्य समन्वयक अम्बिका पॉल ने इस चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी दी।

15 और 16 मई को सीआरसी ब्रुक्शाबाद, 17 को जी बी पंत अस्पताल, 19 को ज़िला अस्पताल गाराचरमा के अलावा द्वीपों के अन्य स्थानों पर भी शिविर लगाई जाएगी। आम जनता से इन शिविरों का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान आईसीडीएस –शहरी परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती की जाएगी। इस पद के लिए 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकती हैं। उम्मीदवार का बारहवीं पास होना अनिवार्य है और वे उसी गांव की निवासी हों जहां आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए बारह हजार रूपये और आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए आठ हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। उम्मीदवार अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ सादे कागज पर अपना बायोडाटा 16 जून दोपहर तीन बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, आईसीडीएस, शहरी परियोजना, डॉलीगंज, दक्षिण अंडमान के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

एथलेटिक्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ओर से श्री विजयपुरम में ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जाएगा। चौबीस और पच्चीस मई को आयोजित होने वाले चैम्पियनशिप में एथलीट, संस्थान और जिला तथा ब्लॉक की टीमें इसमें भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ियों से नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय में अपना नाम दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 9933248121 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

दक्षिण–पश्चिम मानसून आज से दक्षिण बंगाल की खाड़ी, दक्षिण अंडमान सागर और निकोबार के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इस कारण पिछले 24 घंटों के दौरान निकोबार द्वीपसमूह में बहुत भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में बानब्बे मिलीमीटर, कार निकोबार में चौरासी, ननकौड़ी में पच्चीस दशमलव तीन और हटबे में तेईस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले तीन दिनों के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के कुछ भागों में बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 35 से 45 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएँ चलेंगी, जो 55 किमी प्रति घंटे तक पहुँच सकती हैं। साथ ही समुद्र अशांत रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को सोलह मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में लैब अटेंडेंट के पद के लिए आयोजित लिखित ओएमआर आधारित परीक्षा की उत्तर पुस्तिका भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। ये सूची कल से उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

एम वी कैम्पबेल कल श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य दोपहर दो बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। जहाज कल शाम चार बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>